संचालनालय
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
म0प्र0 भोपाल

क्रं/NFSNM/Pulse mission/2026-27/ 438 भोपाल दिनांक 31.8.2026

प्रति,

संचालक,
कृषि अभियांत्रिकी,
मध्यप्रदेश, भोपाल।

विषय:- दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट (दाल मिल) की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि में वृद्धि किए जाने के संबंध में।

संदर्भ:-इस कार्यालय का पत्र क्रमांक NFSNM/Pulse mission/2026-27/234 एवं 236 भोपाल, दिनांक 10.07.2026

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों में प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट (दाल मिल) की स्थापना हेतु एफपीओ, क्लस्टर लेवल फेडरेशन (CLF), प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS), अधिनियम के तहत पंजीकृत अन्य उपक्रम एवं निजी व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त योजना अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि 15 जुलाई 2026 से 30 अगस्त 2026 निर्धारित की गई थी। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों/संस्थाओं को लाभान्वित किए जाने तथा आवेदन हेतु पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2026 से बढ़ाकर 15 सितंबर 2026 किए जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग यूनिट (दाल मिल) स्थापना हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 तक बढ़ाए जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें तथा संबंधित पोर्टल/प्रचार-प्रसार माध्यमों पर भी संशोधित अंतिम तिथि का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार।

Digitally signed by
Umashankar Bhargav
Date: 31-08-2026
19:17:58

संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रं/NFSNM/Pulse mission/2026-27/ 439 भोपाल दिनांक 31-8-.2026

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक सचिव, म0प्र0 शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. कलेक्टर, जिला-................ समस्त (म0प्र0) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास संभाग- ..................समस्त (म0प्र0)
4. उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला..................समस्त (म0प्र0) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल

D:\Divya\2026-27\Letter File.Docx257